फर्द अहकाम

(नियम–26)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चितौड़गढ़ (राज0)

श्रीमति भारती निमोदिया पत्नि श्री अमित निमोदिया निवासी ऐक्सीलेसी स्कूल के पास, गुड (GUR) गली श्योपुर (म.प्र.) 476337

बनाम

जनरल मैनेजर, एच. आर. डिपार्टमेन्ट, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड़, शम्भूपुरा

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 26 / 2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.02.2020	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलार्थीया श्रीमति भारती निमोदिया पत्नि श्री अमित निमोदिया निवासी ऐक्सीलेसी स्कूल के पास, गुड (GUR) गली, श्योपुर (म.प्र.) ने सूचना प्राप्ति हेतु एक आवेदन दिनांक 06.01.2020 को जनरल मैनेजर, एच. आर. डिपार्टमेन्ट, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड़, शम्भूपुरा के समक्ष प्रस्तुत किया। जनरल मैनेजर, एच. आर. डिपार्टमेन्ट, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड़, शम्भूपुरा द्वारा प्रार्थीया को उक्त आवेदन से चाही गई सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थीया द्वारा यह अपील इस कार्यालय को जरिए ड़ाक प्रस्तुत की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि यह कार्यालय लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) का अपीलीय प्राधिकारी होकर लोक सूचना अधिकारी / सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि में सूचना उपलब्ध नही कराने पर ही अपील ग्रहण करता है। अपील के साथ संलग्न सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आवेदन जनरल मैनेजर, एच. आर. डिपार्टमेन्ट, शम्भूपुरा को सम्बोधित है एवं चाही गई सूचनाएं भी उन्हीं से संबंधित है जो कि अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड़, शम्भूपुरा का विषय है। जनरल मैनेजर, एच. आर. डिपार्टमेन्ट, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड़, शम्भूपुरा के विरूद्ध प्रस्तुत अपील पर इस कार्यालय द्वारा सुनवाई की सक्षमता / क्षैत्राधिकार नहीं है। अतः अपीलार्थीया को उनके संबंधित अपीलीय प्राधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत करने के परामर्श के साथ अपील निस्तारित की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को मय उनके द्वारा प्रेषित पोस्टल ऑर्डर कमांक 47F 093501 राशि 10 / – रूपये के प्रेषित की जावे। लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ (राज.)	ना.की. 27/2/2020

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official